# कैलिफोर्निया कार्य अवसर और बच्चों के प्रति ज़िम्मेदारी (CalWORKs) बाल सहायता उपेक्षा/ पास-थ्रू नियमों में परिवर्तन

**CalWORKs बाल सहायता उपेक्षा/पास-थ्रू नियमों में परिवर्तन हो गया है।**

## पुराने नियम:

यदि आप अपने बच्चे के लिए CalWORKs प्राप्त कर रहे हैं और उसके लिए बाल सहायता भी प्राप्त करते हैं, तो अधिकांश मामलों में एकत्रित बाल सहायता का $50 तक आपको अपनी काउंटी की स्थानीय बाल सहायता एजेंसी (LCSA) से अंतरित कर दिया जाता है और उस राशि पर तब ध्यान नहीं दिया जाता या उसकी गणना नहीं की जाती जब आपकी CalWORKs पात्रता और अनुदान की राशि का निर्धारण किया जाता है। कुछ केवल-बाल मामलों में, सारी बाल सहायता परिवार को अंतरित की जाती है, और शेष को आय के रूप में गिने जाने से पहले $50 तक पर ध्यान नहीं दिया जाता।

गैर-अभिरक्षक अभिभावक (Non-custodial Parent - NCP) से सीधे अपनी बाल सहायता प्राप्त करने वाले CalWORKs परिवारों के मामले में भी शेष को प्रायः आय के रूप में गिने जाने से पहले इस पर ध्यान नहीं दिया जाता।

## नए नियम:

1 जनवरी, 2022 से या जब इन परिवर्तनों को काउंटी के कंप्यूटर सिस्टम में प्रोग्राम किया जा सकता है, जो कोई भी बाद में हो, वह नई बाल सहायता राशि जो आपको अंतरित की जाएगी (भेजी जाएगी) और जिस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा, वह सहायता इकाई (AU) में एक बच्चे वाले परिवार के लिए $100 तक बढ़ जाएगी और AU में दो या अधिक बच्चों वाले परिवार के लिए $200 तक बढ़ जाएगी। बाल सहायता पर ध्यान न देने के बारे में अन्य नियमों में परिवर्तन नहीं होगा।

## नकद अनुदान विकल्प (SB 380) पात्रता की बजाए बाल सहायता में परिवर्तन:

यदि आपका कोई ऐसा सौतेला या अर्ध भाई-बहन बच्चा है जो आपके CalWORKS नकद अनुदान में इसलिए शामिल नहीं किया गया है क्योंकि उसे बाल सहायता प्राप्त होती है, तो उस विकल्प में परिवर्तन हो सकता है। ध्यान न दी जाने वाली बढ़ाई गई राशि बाल सहायता की उस राशि को बढ़ा देगी जो आपके बच्चे को आपके AU नकद अनुदान में शामिल न किए जाने के लिए पात्र होने के लिए प्रति माह प्राप्त करनी होगी।

आपको कार्रवाई का नोटिस प्राप्त होगा जिसमें आपको यह बताया जाएगा कि क्या आपका सौतेला या अर्ध-भाई बहन बच्चा अब नकद अनुदान विकल्प की बजाए बाल सहायता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगा और उसे कब आपके AU के नकद अनुदान में वापस जोड़ा जाएगा। यह परिवर्तन तब तक अवधि के मध्य में नहीं हो सकता जब तक आप इसके लिए अनुरोध न करें। यदि आपका बच्चा अब आपकी AU की नकद अनुदान राशि में शामिल न किए जाने के लिए पात्र नहीं है और आप यह चाहते हैं कि उसे जल्द फिर से इसमें शामिल कर लिया जाए, तो आपको अपनी काउंटी को बताना होगा।

**यदि आपके CalWORKs मामले, ध्यान न देने संबंधी नियमों या आपके AU नकद अनुदान में किसी बच्चे को फिर से शामिल करने में परिवर्तनों के बारे में आपके प्रश्न हैं, तो अपने CalWORKs पात्रता कर्मचारी से संपर्क करें। यदि अपनी बाल सहायता के बारे में आपके प्रश्न हैं, तो अपने बाल सहायता कर्मचारी से संपर्क करें। आप अपनी स्थानीय बाल सहायता एजेंसी से 1-866-901-3212 पर संपर्क कर सकते हैं।**

## CalFresh परिवर्तन:

आपकी नकद सहायता में परिवर्तन आपके CalFresh लाभों में बदलाव कर सकते हैं। **आपको तब अलग नोटिस प्राप्त होगा यदि आपके CalFresh लाभों में बदलाव हो जाए।**